# भारत सरकार , रेल मंत्रालय
# रेलवे भर्ती बोर्ड

## CEN: 02/2025 (तकनीशियन श्रेणियाँ)
## परीक्षा शुल्क की असफल वापसी – बैंक विवरण अद्यतन

1. रेलवे भर्ती बोर्डों ने CEN: 02/2025 के अंतर्गत तकनीशियन श्रेणियों के लिए आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में सम्मिलित उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क की वापसी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है।
2. तथापि, यह पाया गया है कि कुछ उम्मीदवारों द्वारा आवेदन के समय गलत बैंक खाता संख्या, गलत IFSC कोड आदि दर्ज किए जाने के कारण उनकी शुल्क वापसी असफल रही। ऐसे उम्मीदवारों को SMS अथवा ई-मेल के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है।
3. केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए जिनकी धनवापसी असफल रही है, सही (आधार से जुड़े) बैंक खाते का विवरण उपलब्ध कराने का एक अवसर दिया जा रहा है। उम्मीदवार 08/08/2026 से 14/08/2026 तक https://www.rrbapply.gov.in पर सही बैंक विवरण अपडेट कर सकते हैं। यह लिंक RRB वेबसाइट http://rrb.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है।
4. सही बैंक खाता अपडेट करते समय उम्मीदवारों को अपने आधार संख्या का सत्यापन करना होगा। सफल सत्यापन के बाद आधार से जुड़ा बैंक खाता स्वतः प्रदर्शित होगा और उसी का उपयोग धनवापसी के लिए किया जाएगा। यदि आधार से कोई बैंक खाता लिंक नहीं है, तो उम्मीदवार को NPCI पोर्टल पर रियल-टाइम आधार-बैंक खाता लिंकिंग के लिए भेजा जाएगा और प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु पुनः आवेदन पृष्ठ पर लौटाया जाएगा। जिन उम्मीदवारों का स्वयं का आधार-सीडेड बैंक खाता नहीं है, वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परिवार के किसी सदस्य का आधार-सीडेड बैंक खाता उपलब्ध करा सकते हैं।
5. कृपया ध्यान दें कि यह अंतिम अवसर है। अतः उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क वापसी प्राप्त करने के लिए आधार-सीडेड बैंक खाते का विवरण अवश्य उपलब्ध कराना चाहिए।
6. यदि उम्मीदवार इस अंतिम अवसर का उपयोग नहीं करते हैं, तो परीक्षा शुल्क वापसी के संबंध में किसी भी प्रकार का आगे का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

दिनांक: 04.08.2026

अध्यक्षगण